Seventeenth Loksabha

an>

14.03 hrs.

Title: Statement regarding Covid-19 and the Steps taken by the Government of India

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री मनसुख मांडविया) : महोदय, वैश्विक कोविड-19 महामारी को देखते हुए मैं सदन में एक वक्तव्य देना चाहता हूँ।

सर, कोविड-19 महामारी, आज तक दुनिया के स्वास्थ्य और आजीविका को प्रभावित कर रही है। पिछले तीन वर्षों में, वायरस की निरंतर बदलती प्रकृति ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक खतरा पैदा कर दिया है, जिसने लगभग हर देश को प्रभावित किया है। पिछले कई दिनों से पूरी दुनिया में कोविड-19 के केसों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। लेकिन पिछले एक साल से भारत में कोविड केसों में सतत कमी दर्ज होती रही है। वर्तमान में प्रत्येक दिन औसतन 153 कोविड के नए केस पूरे देश में दर्ज हो रहे हैं, जिसके सामने पूरी दुनिया में प्रतिदिन 5.87 लाख कोविड के नए केस दर्ज हो रहे हैं। जापान, साउथ कोरिया, यू.एस ए., फ्रांस, ग्रीस, इटली आदि जैसे देशों में कोविड-19 के केसों में और कोविड से मृत्यु की संख्या में सतत् वृद्धि देखी जा रही है। पिछले कई दिनों से मीडिया में भी, चीन में बड़ी तादाद में कोविड के केस और कोविड मृत्यु की खबरें छप रही हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने proactive, pre-emptive, whole of Government and whole of Society approach के साथ, शुरू से ही कोविड-19 महामारी का मैनेजमेंट किया है और इनके बहुत अच्छे परिणाम भी हमें मिले हैं। तकनीकी सहायता के अलावा भारत सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन, राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष, emergency COVID response package, और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन इत्यादि से राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों को कोविड के खिलाफ लडाई के उनके प्रयासो में लगातार सहायता प्रदान की है।... (व्यवधान)

केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों ने साथ मिलकर 220.02 करोड़ कोविड वैक्सीन के टीके लगाकर कीर्तिमान रचा है, जिसमें पात्रता वाले 90 प्रतिशत आबादी को दोनों टीके लग चुके हैं और 22.35 करोड़ आबादी को प्रीकॉशन डोज भी दिया जा चुका है।... (व्यवधान) कोविड-19 के नियमन में चल रहे लगातार प्रयत्नों के अतंर्गत और विश्व में बढ़ रहे कोविड के केसों को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय वैश्विक स्थिति पर नजर रख रहा है।... (व्यवधान) कोविड-19 के बदलते वैरिएंट से सार्वजनिक स्वास्थ्य के सामने जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उस पर सरकार कदम उठा रही है।... (व्यवधान) राज्यों को भी स्थानीय स्तर पर सामुदायिक निगरानी बढ़ाने के लिए और कोविड को नियंत्रित करने के लिए सलाह दी जा रही है।... (व्यवधान) राज्यों को जीनोम सिक्वेंसिंग बढ़ाकर सभी पॉजिटिव केसों का जीनोम सिक्वेंसिंग करने की सलाह दी गई है, जिससे अगर देश में कोई नया वैरिएंट आता है तो समय से उसकी पहचान कर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए कड़े कदम उठाए जा सकें।... (व्यवधान) आने वाले त्यौहार और नए साल को ध्यान में रखते हुए राज्यों को सतर्क रहकर लोगों का मास्क पहनना, हैंड्स सैनिटाइज़ करना, respiratory hygiene का ख्याल रखना और सामाजिक दूरी बनाए रखने की जागरूकता लानी चाहिए।... (व्यवधान)

राज्यों को कोविड वैक्सीन की प्रीकॉशन डोज बढ़ाने पर और लोगों को प्रीकॉशन डोज की अहमियत के प्रति जागरूकता लाने के लिए भी कदम उठाने चाहिए।... (व्यवधान) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विदेश से आने वाले हवाई यात्रियों के 2% कोविड RTPCR random sampling भी आज शुरू कर दी गई है।... (व्यवधान)

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के समर्थ नेतृत्व में भारत पहले से ही अमल में "Test-Track-Treat-Vaccination - COVID appropriate behaviour का पालन" नीति के साथ कोविड मैनेजमेंट करता रहा है और उसे आगे भी चालू रखेंगे।... (व्यवधान)

इस वैश्विक महामारी के नियमन, नियंत्रण के लिए हम संकल्पित हैं और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।... (व्यवधान)

महोदय, मैं सदन के सभी साथियों से सरकार के इन प्रयासों में सहयोग चाहता हूं।... (व्यवधान) सभी माननीय सदस्य, लोगों के बीच में जागरूकता लाएं कि वैश्विक महामारी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है और हमें कोविड वैक्सीन का प्रीकॉशन डोज लगाने के उपरांत सभी को सतर्क रहकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए।... (व्यवधान)

हमारा दुश्मन कोविड वायरस समय समय पर अपना स्वरूप बदल रहा है और हमें एक साथ मिलकर दृढ़ संकल्प के साथ उसके खिलाफ अपनी सामूहिक लड़ाई जारी रखने की लगातार जरुरत है।... (व्यवधान)

[Placed in Library, See No. LT8193A/17/22]

____